>

Title: Need to construct an over-bridge near Salempur railway station and on the southern side of Bilthara road in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के भटनी-वाराणसी रेलवे प्रखंड के बीच सलेमपुर रेलवे स्टेशन के पास एक ऊपरी पुल के निर्माण की मांग कई सालों से की जा रही है। इस संबंध में सर्वे भी हो गया है और ऊपरी पुल निर्माण के लिए आवश्यक मापदंड एक लाख वाहनों का इस मार्ग से आने जाने वाले मापदंड में इस मार्ग से डेढ लाख वाहनों को आने जाने का रिकार्ड किया गया है। इस संबंध में पत्र भी लिखे गये। संसद में इस विषय को उठाया परंतु रेलवे विभाग ने बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं किया। जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में जनता द्वारा जन आंदोलन और जन प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी संसदीय क्षेत्र के बिल्थरा रोड़ के दक्षिण ढाले पर एक ऊपरी पुल का निर्माण लंबित है। इस पर काम नहीं हो रहा है। इन मार्गों पर ऊपरी पुल के अभाव में घंटों जाम रहता है और यह मार्ग बिहार के कई जिलों से जुड़ते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सलेमपुर रेलवे स्टेशन और बिल्थरा रोड़ के दक्षिण ढाले पर एक एक ऊपरी पुल का निर्माण किये जाने का आदेश प्रदान किया जाये।